प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार'

- मुख्यमंत्री ने कहा– प्रदेश में इस वर्ष रिकॉर्ड एक हज़ार 5 सौ 45 मीट्रिक टन सेब जूस कंसन्ट्रेट का हुआ उत्पादन।
- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से भेंट– कई मुद्दों पर हुई चर्चा।
- दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आई.टी.आई. व तकनीकी शिक्षण संस्थानों में शुरू होंगे विशेष कोर्स।
- सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर केन्द्र की योजनाओं का श्रेय लेने का लगाया आरोप।

उत्पादन

प्रदेश में बागवानी उपज विपणन व प्रसंस्करण निगम द्वारा इस वर्ष अब तक रिकॉर्ड एक हज़ार 5 सौ 45 मीट्रिक टन सेब जूस कंसन्ट्रेट का उत्पादन हुआ है। शिमला ज़िला के पराला संयंत्र से 8 सौ 14 मीट्रिक टन, सोलन ज़िले के परवाणू संयंत्र से 6 सौ 53 मीट्रिक टन जबकि मण्डी ज़िला के जरोल संयंत्र से 78 मीट्रिक टन सेब जूस कंसन्ट्रेट का उत्पादन हुआ है। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने बताया कि एच.पी.एम.सी. खरीदे गए लगभग सभी सेबों का सर्वोत्तम उपयोग सुनिश्चित कर रहा है और काफी कम संख्या में फलों को नीलामी के माध्यम से बेचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष एम.आई.एस. के माध्यम से प्रदेश में कुल 29 हज़ार 2 सौ मीट्रिक टन सेब खरीदे गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार चम्बा ज़िले के दूरदराज़ क्षेत्र पांगी में भी सेब की खरीद शुरू हो गई है।

भेंट

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से भेंट कर कई मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने हरोली विधानसभा क्षेत्र में बनने वाले बल्क ड्रग पार्क की प्रगति को लेकर विचार–विमर्श किया और इस संबंध में अतिरिक्त राशि की आवश्यकता के बारे में केन्द्रीय मंत्री को अवगत करवाया। उपमुख्यमंत्री ने ऊना में प्रस्तावित पी.जी.आई. सैटेलाइट सेंटर के निर्माण को गति देने का भी आग्रह किया। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से ऊना ज़िला में मेडिकल कॉलेज खोलने की भी मांग की। अग्निहोत्री ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री ने प्रदेश को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया है।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर खेलों को हतोत्साहित करने का आरोप लगाया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि सरकार अब खेल–खिलाड़ी टैक्स योजना लेकर आई है जिसके तहत खेल और खिलाड़ियों के ऊपर टैक्स लगाया जा रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि केन्द्र सरकार जहां एक ओर खेलो इंडिया के माध्यम से खेलों को प्रोत्साहित कर रही है वहीं कांग्रेस खेल और खिलाड़ियों पर टैक्स लगाकर इन्हें प्रदेश की आय का साधन बनाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पहले भी 12 वर्ष से कम आयुवर्ग के टूर्नामेंट के आयोजन पर रोक लगा चुकी है और अब टैक्स लगाकर खेलों के प्रति सरकार का ये दृष्टिकोण शर्मनाक है।

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि चम्बा ज़िले के भटियात विधानसभा क्षेत्र के लिए जलशक्ति विभाग द्वारा 2 सौ 88 करोड़ रूपए की कार्य योजना तैयार की गई है। सिंहुता में एक जनसभा में उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के पूरा होने से लोगों की जलशक्ति विभाग से जुड़ी आवश्यकताएं पूरी होंगी। उन्होंने क्षेत्र में जलशक्ति विभाग के विश्राम गृह का शिलान्यास भी किया।

डाक सप्ताह

भारतीय डाक विभाग कल 7 अक्तूबर से 11 अक्तूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह का आयोजन करने जा रहा है। इस दौरान 7 अक्तूबर को मेल एंड पार्सल दिवस, 8 अक्तूबर को फिलेटेली दिवस, 9 अक्तूबर को विश्व डाक दिवस, 10 अक्तूबर को अंत्योदय दिवस और 11 अक्तूबर को वित्तीय सशक्तिकरण दिवस के रूप में मनाया जाएगा। डाक सेवाएं हिमाचल परिमंडल के निदेशक बिशन सिंह ने बताया कि डाक सप्ताह के दौरान विभाग की सेवाओं के प्रचार–प्रसार के कार्य व राजस्व अर्जन की वृद्धि पर ज़ोर दिया जाएगा।

नवरात्र

शारदीय नवरात्र के चौथे दिन आज माँ दुर्गा के कुष्मांडा स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। माँ के इस स्वरूप को आठ भुजाओं के साथ चित्रित किया गया है और माना जाता है कि मां अपने भक्तों के लिए समृद्धि लाती हैं। प्रदेश में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठों ज्वालामुखी, चिंतपूर्णी, चामुंडा देवी, नैनादेवी और बृजेश्वरी देवी सहित अन्य धार्मिक स्थलों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए स्थानीय प्रशासन ने विशेष प्रबंध किए हैं। नवरात्र के चलते स्थानीय लोगों सहित बाहरी राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु इन दिनों प्रदेश के धार्मिक स्थलों का रूख कर रहे हैं।

फ्लाईंग फेस्टिवल

शिमला के जुन्गा में 16 से 19 अक्तूबर तक फ्लाईंग फेस्टिवल आयोजित किया जाएगा। ये आयोजन पर्यटन विभाग, जिला प्रशासन, और एम.एस.एम.ई. मंत्रालय, सोलन के संयुक्त प्रयासों से किया जा रहा है। ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि इस फैस्टिवल के आयोजन का उद्देश्य राज्य में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देना है।

तकनीकी कोर्स

राज्य सरकार दिव्यांगों को आत्मनिर्भर व स्वावलम्बी बनाने के लिए आई.टी.आई. व अन्य तकनीकी शिक्षण संस्थानों में विशेष तकनीकी कोर्स शुरू करेगी। हमीरपुर में आज विशेष बच्चों के एक स्कूल के समारोह में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि हालांकि कई संस्थानों में कुछ कोर्स पहले से ही चलाए जा रहे हैं, लेकिन बदलती ज़रूरतों के अनुसार कुछ अन्य कोर्स भी शामिल किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों के अलावा कौशल विकास निगम के माध्यम से भी अल्प अवधि के कोर्स करवाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि सरकार सोलन ज़िले में दिव्यांगजनों के लिए एक बड़ा संस्थान खोलेगी जिसमें प्रशिक्षण व पुनर्वास सहित सभी आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर केन्द्र की योजनाओं का श्रेय लेने का आरोप लगाया है। वे आज सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के कुठेड़ा में एक जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में प्रदेश में सड़कों की हालत बेहद खस्ता बनी हुई है और 27 हज़ार करोड़ रूपए से अधिक का कर्ज लेने के बावजूद विकास कार्य करवाने के लिए सरकार के पास बजट नहीं है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि केन्द्र सरकार प्रदेश में रेल नेटवर्क को बढ़ाने के लिए प्रयास कर रही है लेकिन प्रदेश सरकार की ओर से रेलवे के हिस्से की एक हज़ार 4 सौ करोड़ रूपए की राशि का केन्द्र सरकार को भुगतान नहीं किया गया है। भाजपा के सदस्यता अभियान की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में साढ़े 16 लाख सदस्य बनाए गए हैं।

खेलकूद

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि सरकार सभी शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा के साथ–साथ खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। शिमला ज़िले के सुन्नी में 14 वर्ष से कम आयु वर्ग की छात्राओं की राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारम्भ पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा प्रणाली में सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि बसंतपुर में बहुतकनीकी संस्थान खोलने के लिए पहले चरण में 3 करोड़ रूपए मंजूर किए गए हैं और सभी औपचारिकताएं पूरा करने के बाद निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुन्नी शहर के लिए 25 करोड़ रूपए की एक बड़ी उठाऊ पेयजल योजना भी निर्मित की जा रही है।

ऊर्जा मेला

कुल्लू का अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव 13 से 19 अक्तूबर तक आयोजित किया जाएगा। उत्सव के दौरान हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड ऊर्जा मेले का आयोजन करने जा रहा है। ऊर्जा मेले में उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं के निवारण के बारे में जानकारी दी जाएगी। बोर्ड के सलाहकार लोक संपर्क ने बताया कि इस उत्सव में बोर्ड का एक झांकी के माध्यम से लोगों को विद्युत संबंधी जागरूकता संदेश देने का भी कार्यक्रम है।

मैराथन

वन्य प्राणी सप्ताह के उपलक्ष्य में आज प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। कुल्लू में आयोजित मिनी मैराथन में मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने मुख्य

अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्यावरण व पारिस्थितिकी संतुलन को सही बनाने और वन्य प्राणियों के प्राकृतिक आवास के संरक्षण के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास कर रही है। उन्होंने मैराथन के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए। इधर, शिमला के रिज मैदान पर भी वन्य प्राणियों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मिनी मैराथन आयोजित की गई। धर्मशाला में आयोजित मैराथन के महिला वर्ग में साधना जबकि पुरूष वर्ग में अनीश पहले स्थान पर रहे।

सीपीएस

मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल ने युवा पीढ़ी से नशे से दूर रहने का आह्वान किया है। पालमपुर के कल्यारकड़ में एक खेल प्रतियोगिता के समापन पर उन्होंने कहा कि खेलों के आयोजन से युवा अपनी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करने के अलावा नशे जैसी कुरीतियों से भी दूर रहते हैं। उन्होंने बताया कि पालमपुर में पुलिस विभाग द्वारा नशे के खिलाफ मुहिम शुरू की गई है ताकि युवा पीढ़ी नशे से दूर रह सके। प्रतियोगिता में क्षेत्र की 25 टीमों ने भाग लिया।

मुख्य समाचार एक बार फिर’

- मुख्यमंत्री ने कहा– प्रदेश में इस वर्ष रिकॉर्ड एक हज़ार 5 सौ 45 मीट्रिक टन सेब जूस कंसन्ट्रेट का हुआ उत्पादन।
- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से भेंट– कई मुद्दों पर हुई चर्चा।
- दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आई.टी.आई. व तकनीकी शिक्षण संस्थानों में शुरू होंगे विशेष कोर्स।
- सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर केन्द्र की योजनाओं का श्रेय लेने का लगाया आरोप।